भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1870 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024/11 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

पत्तनों का उन्नयन

†1870. श्री जी. एस. हरीश बालयोगी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के सभी प्रमुख/गैर-प्रमुख पत्तनों के कामकाज के संबंध में हाल ही में कोई शोध/अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के उन प्रमुख/गैर-प्रमुख पत्तनों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें सरकार ने अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उन्नयन और/अथवा निर्माण हेतु चिन्हित किया है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे पत्तनों की अवसंरचना के विकास/उन्नयन हेतु आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): भारत सरकार ने हाल में आंध्र प्रदेश के सभी महापत्तन/ गैर-महापत्तनों के कामकाज के संबंध में कोई अनुसंधान/ अध्ययन नहीं किया है। तथापि, राज्य सरकार के अनुरोध के आधार पर मंत्रालय ने सागरमाला योजना के अंतर्गत "काकीनाड़ा एंक्रेज पत्तन सुविधाओं में सुधार" नामक परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए मैसर्स एलएंडटी इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड को नियुक्त किया है। मंत्रालय, सागरमाला योजना के तहत विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण सहित आंध्र प्रदेश राज्य में लगभग 2,500 करोड़ रु. के मूल्य की 13 परियोजानओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ये परियोजनाएं रो-पैक्स और यात्री जेट्टियों, मत्स्यन हार्बरों, पत्तन आधुनिकीकरण और कौशल विकास से संबंधित हैं। मंत्रालय ने इन परियोजनाओं के विकास के लिए 450 करोड़ रु. की धन राशि मंजूर की है। आंध्र प्रदेश में सागरमाला के अंतर्गत वित्त पोषित परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

अनुबंध - I

आंध्र प्रदेश में सागरमाला-वित्त पोषित परियोजनाओं की सूची

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्रियान्वयन एजेंसी	परियोजना लागत (करोड़ रु. में)
1	विशाखापट्टनम मत्स्यन हार्बर का आधुनिकीकरण	विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण	178.51
2	वीपीटी पर तटीय बर्थ का निर्माण	विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण	43
3	कॉन्वेंट जंक्शन से गुजरते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता रोड तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण – विशाखापट्टनम पत्तन	एनएचएआई	60
4	एनएच-5 तक पत्तन सड़क संपर्कता को 2 से 4 लेन का बनाना - चरण II	एनएचएआई	77.00
5	समुद्री एवं पोत निर्माण उत्कृष्टता केंद्र - सीईएमएस - एपी-एपी में 24 में से 18 प्रयोगशालाएं	आईआरएस	574.00
6	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - आंध्र प्रदेश	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	0.28
7	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - आंध्र प्रदेश	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	5.98
8	आंध्र प्रदेश राज्य के एसपीएसआर नेल्लोर जिले के जुव्वालादिन्ने में मत्स्यन हार्बर का विकास।	एपीएमआईडीसीएल	288
9	आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा एंकोरेज पत्तन के बुनियादी ढांचे में सुधार	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	85.83
10	बुदुगटलापलेम में मत्स्यन हार्बर	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	386.2
11	कोठापट्टनम में मत्स्यन हार्बर	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	364
12	पुदिमदका में मत्स्यन हार्बर	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	387
13	बियायपुथिप्पा में तटीय घाट का निर्माण	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	73.07

*****